# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 24 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 205

## महत्वपूर्ण एवं खास

### केदारनाथ धाम में बड़ा हादसा, सेल्फी लेने की कोशिश में हेलीकॉप्टर के पंखे से टकराया, मौके पर दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बाबा केदारनाथ धाम में एक अधिकारी को सेल्फी लेना महंगा पड़ गया। दरअसल, राज्य के एक अधिकारी केदारनाथ में एक हेलीकॉप्टर के बाहर सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था, इसी बीच वह हेलीकॉप्टर के पंखे की चपेट में आया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण में बतौर फाइनेंस कंट्रोलर के पद पर तैनात जितेंद्र सैनी उस वक्त हेलीकॉप्टर की टेल रोटर ब्लेड की चपेट में आए जब वह सेल्फी लेने का प्रयास कर रहे थे। यह हादसा गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षीया तृतीया पर खुलने के एक दिन बाद हुआ है। गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट बीते 22 अप्रैल को खुलने के साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शरुआत हो चुकी है। केदारनाथ धाम के कपाट 25 और बद्रीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खुलने जा रहे हैं।

### अमेरिका की झील में डूबने से भारतीय छात्रों की मौत, दो शव बरामद

**न्यूयॉर्क ।** पिछले सप्ताह एक झील से लापता इंडियाना यूनिवर्सिटी के भारत के दो छात्रों का शव बरामद किया गया है। इंडियाना डिपॉर्टमेंट ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि सिद्धांत शाह, और आर्यन वैद्य 15 अप्रैल को दोस्तों के एक समूह के साथ, इंडियानापोलिस शहर से लगभग 64 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित मोनरो झील में गए थे। तैरने के दौरान वे दोनों झील में डूब गए। 18 अप्रैल को पायनेटाउन मरीना के पूर्व में 18 फीट पानी में शवों को बरामद किया गया। डिपार्टमेंट ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज के प्रतिनिधि लेफ्टिनेंट एंजेला गोल्डमैन ने यूएसए टुडे को बताया कि एक को बचान के प्रयास में दोनों डूब गए थे। बचावकर्ताओं ने सोनार और स्कूबा गोताखोरों का उपयोग करके झील मे उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन पहले दिन तेज हवा के कारण इसे रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाद में शवों को बरामद किया गया।

### तुर्की सैनिकों ने सीरिया व इराक में 21 आतंकियों को मार गिराया : रक्षा मंत्री

**अंकारा।** तुर्की के सैनिकों ने उत्तरी सीरिया और इराक में चार दिनों में 21 'आतंकवादियों' को मार गिराया। तुर्की के रक्षा मंत्री हुलुसी अकार ने यह जानकारी दी। अर्ध-अधिकारी अनादोलु एजेंसी ने अकार के हवाले से कहा कि इराक के जैप क्षेत्र में तीन आतंकवादी मारे गए। अकर ने तुर्की के विकास में बाधा डालने के लिए कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) को साम्राज्यवादियों के हाथों में उपकरण कहते हुए कहा कि तुर्की सरकार पीकेके को खत्म करने के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई तब तक खत्म नहीं होगी, जब तक कि तुर्की की सीमाओं और देश की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती। पीकेके तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सेना के साथ सशस्त्र संघर्ष में शामिल है और तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा इसे एक आतंकी संगठन घोषित किया गया है।

### सेना के ट्रक पर स्टिकी बम से हुआ था हमला, आतंकियों ने दागे थे 2 ग्रेनेड

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुए आतंकी हमले में बड़ी जानकारी सामने आई है। आतंकियों ने सेना के ट्रक को उड़ाने के लिए स्टिकी बम का इस्तेमाल किया था, जिसके सबूत मिले हैं। सेना की गाड़ी पर बम प्लांट करने के बाद आतंकियों ने की करीब 36 राउंड फायरिंग की थी। इसके साथ ही 2 ग्रेनेड भी दागे गए थे। नापाक वारदात को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन तेजी से जारी है। वहीं पुंछ में आतंकी हमले के सिलसिले में कुल 5 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आतंकवादियों को खोजने के लिए ड्रोन, खोजी कुत्तों और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। लगभग 9 घंटे तक नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) की टीम ने आतंकी हमले की जांच की है। साथ ही इस पूरी घटना की एक-एक कड़ी की जांच लगातार की जा रही है। हमले को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सभी हालातों पर चर्चा हुई है और इस पर हमारा क्या रूख रहेगा इस पर भी चर्चा हुई है।

# रतलाम-इंदौर डेमू ट्रेन में लगी भीषण आग, इंजन व दो कोच जलकर राख, मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली । आरएनएस**



मध्य प्रदेश के रतलाम से बड़ी खबर सामने आई है। यहां आज यानी रविवार सुबह एक ट्रेन के दो कोच में भीषण आग लग गई। आग से ट्रेन की दो बोगियां जलकर राख हो गईं। गनीमत रही कि जिन दो बोगियों में आग लगी, उनमें कोई यात्री नहीं बैठा था। दोनों बोगियां खाली थीं। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा दिया, जिससे आग अन्य बोगियों में नहीं फैल पाई।

बताया जा रहा है कि सुबह 6.35 पर रतलाम से डेमू ट्रेन इंदौर के लिए रवाना हुई थी। जब ट्रेन प्रीतम नगर स्टेशन के पास पहुंची तो अचानक से उसके दो कोच में आग लग गई। आग लगी देख यात्रियों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर और थाना पुलिस-फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

फायर ब्रिगेड ने ट्रेन से सभी यात्रियों को बाहर निकाला और आग बुझाने का काम शुरू किया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक ट्रेन के दो कोच जलकर राख हो चुके थे। गनीमत रही कि इन दोनों कोचों में कोई यात्री बैठा नहीं था। इस वजह से जानमाल का नुकसान होने से बच गया। घटना की जानकारी होने पर डीआरएम रजनीश अग्रवाल मौके पर पहुंच गए। रजनीश अग्रवाल ने घटनास्थल पर हालात का जायजा लिया।

डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने बताया कि जैसे ही ट्रेन में आग लगने की जानकारी मिली, तुरंत आसपास के फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुला लिया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। यात्रियों को ट्रेन से नीचे उतार दिया गया है। जल्द ही ट्रेन के दोनों जले कोचो को निकालकर आगे के लिए रवाना किया जाएगा।

डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने बताया कि आग किस वजह से लगी है, इसका कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। ये जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आग किस वजह से लगी है। हादसे के बाद अपने गंतव्य स्थान पर जाने को लेकर कुछ यात्री परेशान थे। यात्रियों के लिए बस और प्राइवेट वाहनों की व्यवस्था की जा रही है।

# भारतीय नौसेना की ताकत में जबरदस्त इजाफा, समुद्र में दुश्मन की मिसाइलें ढेर करने वाली बीएमडी इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ओडिशा के तट से समुद्र आधारित अंत: वायुमंडलीय इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफल रहा है। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने इस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस परीक्षण का उद्देश्य एक शत्रुतापूर्ण बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को पहचानना और उसे बेअसर करना है।

उसने कहा, परीक्षण का मकसद एक दुश्मन बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे को भांपना और उसे बेअसर करना था, ताकि भारत को बीएमडी नौसेनिक क्षमता वाले देशों के कुलीन क्लब में शामिल किया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत आधारित बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा (बीएमडी) क्षमताओं के सफल परीक्षण में शामिल डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और अन्य इकाइयों को बधाई दी।

बता दें कि इस मिसाइल की मदद से भारतीय सेना दुश्मन की मिसाइलों को समुंद्र में ही नष्ट कर सकेगी। भारत के अलावा इस तरह की मिसाइल दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका, पड़ोसी देश चीन, रूस और इजारयल के पास है। इंडियन एरोस्पेस डिफेंस न्यूज़ ने अपने ट्विटर पर मिसाइल के परीक्षण का वीडियो ट्वीट किया और लिखा कि भारत ने आज भारतीय नौसेना के जहाज से नेवल बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) इंटरसेप्टर मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर के परीक्षण के बाद डीआरडीओ के चीफ समीर वी कामत ने मिसाइल के डिजाइन और इसे बनाने में शामिल टीमों की तारीफ की। समीर वी कामत ने कहा कि भारत ने बेहद जटिल नेटवर्क-केंद्रित एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम को विकसित करने में आत्मनिर्भरता हासिल की है।

# प्रेमी की खौफनाक करतूत : घर में बंधक बनाकर छात्रा पर डाल दिया खौलता तेल, पीड़िता ने भागकर बचाई जान




**अमरावती (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेएनटीयू) की एक छात्रा उस समय गंभीर रूप से घायल हो गई, जब उसके प्रेमी ने अपने घर के एक कमरे में बंधक बनाकर उसके हाथों और पैरों पर खौलता तेल डाल दिया। रविवार तडक़े पीड़िता के वहां से निकलने और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद घटना सामने आई। उसे एलुरु के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष की छात्रा है। एलुरु निवासी युवती को दुग्गीराला निवासी अनुदीप ने प्रेमजाल में फंसा लिया था। उसने उससे शादी करने का वादा किया था। पांच दिन पहले अनुदीप बच्ची को दुग्गीराला स्थित अपने घर ले गया था। उसने उसे एक कमरे में बंद कर दिया, जहां वह उसे प्रताड़ित कर रहा था। उसने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने आधी रात के बाद फांसी लगाकर उसकी हत्या करने की योजना बनाई थी। हालांकि, वह भागने में सफल रही और अपने घर पहुंच गई। उसने अपने माता-पिता की मदद से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चल रहे अनुदीप की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी मारिजुआना और अन्य नशीले पदार्थों का आदी है और प्यार के नाम पर कई लड़कियों को धोखा दे चुका है।

# दक्षिण चीन सागर में मिला वर्ल्ड वार-2, का डूबा जहाज, अमेरिकी पनडुब्बी के हमले का शिकार हुए थे 1000 लोग



**बीजिंग ।** द्वितीय विश्व युद्ध के जापानी परिवहन जहाज एसएस मोंटेवीडियो मारू का मलबा खोजकर्ताओं ने समुद्र की गहराइयों ढूंढ निकाला है। इस जहाज को 1942 में फिलीपींस के करीब एक तारपीडो से उड़ा दिया गया था। इस हमले में जहाज पर सवार लगभग 1000 ऑस्ट्रेलियाई कैदी मारे गए थे। यह जहाज 1 जुलाई 1942 को पापुआ न्यू गिनी से चीन के हेनान जाते वक्त समुद्र में डूब गया था। इस जापानी जहाज पर हमले के वक्त अमेरिकी पनडुब्बी को यह एहसास नहीं था कि इससे युद्ध बंदियों को लेकर जाया जा रहा है। इस जहाज का मलबा पिछले 80 से अधिक साल से एक रहस्य बना हुआ था।

रिपोर्ट के मुताबिक, जापानी ट्रांसपोर्ट जहाज मोंटेवीडियो मारू में 850 युद्धबंदी और लगभग 200 नागरिक सवार थे। इन लोगों को जापानियों ने 1942 में पापुआ न्यू गिनी में पकड़ा था। कथित तौर पर जहाज पर अमेरिकी सबमरीन द्वारा हमला किया गया था, जिसके बाद देखते ही देखते पूरा जहाज 10 मिनट के अंदर समुद्र में समा गया था। इस जापानी जहाज का मलबा फिलीपींस के दक्षिण चीन सागर में मिला है। जहाज को मिशन ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग, ऑस्ट्रेलिया के साइलेंटवर्ल्ड फाउंडेशन के समुद्री पुरातत्वविदों और समुद्र सर्वेक्षण कंपनी फुग्रो के संयुक्त प्रयास में खोजा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस के तट पर इस महीने की शुरुआत में तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जहाज पर ज्यादातर ऑस्ट्रेलियाई युद्धबंदी थे। इस घटना में लगभग 1000 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक मारे गए थे। यह ऑस्ट्रेलियाई इतिहास की सबसे बड़ी मानव क्षति है। इस घटना ने एक दर्जन से अधिक देशों को प्रभावित किया था, जिसमें डेनमार्क, न्यूजीलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ जापान भी शामिल है। वीओए की रिपोर्ट के अनुसार, मोंटेवीडियो मारू से कोई वस्तु या मानव अवशेष नहीं हटाया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधान मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने ट्वीट किया, 80 से अधिक वर्षों से सैकड़ों ऑस्ट्रेलियाई परिवारों ने मोंटेवीडियो मारू की खबर का इंतजार किया है। इस सप्ताह, एक असाधारण प्रयास के लिए धन्यवाद। जहाज को खोज लिया गया है।

# 36 दिन से फरार अमृतपाल सिंह मोगा से गिरफ्तार, भेजा गया डिब्रूगढ़ जेल



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** 36 दिन से फरार वारिस पंजाब दे चीफ व खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को मोगा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अमृतपाल सिंह को मोगा के एक गुरुद्वारा से गिरफ्तार किया गया है। अमृतपाल सिंह अजनाला कांड के बाद से ही फरार चल रहा था। पिछले करीब एक महीने के दौरान पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह को पकडऩे के लिए कई जगहों पर छापेमारी भी की गई थी लेकिन वो हाथ नहीं आ सका था।

सूत्रों के मुताबिक, अमृतपाल सिंह को असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा जाएगा। ये वही जेल हैं जहां उसके कई साथियों को भी रखा गया है। अमृतपाल सिंह पर सरकारी कार्रवाई में बाधा डालने, शांति भडक़ाने जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने अमृतपाल को मोगा के रोड़े गांव के एक गुरुद्वारे से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अमृतपाल ने प्रवचन भी दिए।

18 मार्च से फरार चल रहे अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने के लिए कई राज्यों में अलर्ट जारी किया गया था। यहां तक कि नेपाल पुलिस ने भी उसको अपनी सर्विलांस सूची में डाल रखा था। क्योंकि बीच में खबर आई थी कि अमृतपाल नेपाल के रास्ते होते हुए पाकिस्तान भागने की फिराक में था।

सूत्रों के मुताबिक, अमृतपाल सिंह एक दिन पहले मोगा पहुंच गया था। जहां उसने गुरुद्वारे में शरण ली हुई थी। अमृतपाल सिंह को लेकर अब पंजाब पुलिस का बयान भी सामने आ गया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पंजाब पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

अमृतपाल सिंह के सरेंडर से पहले पुलिस ने 10 अप्रैल को उसके करीबी सहयोगी पप्पलप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया था। पप्पलप्रीत वो शख्स था जो फरारी के दौरान अमृतपाल सिंह के साथ रहा था। पप्पलप्रीत को भी गिरफ्तार कर असम की जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। अमृतपाल सिंह के गिरफ्तार सहयोगियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून एनएसए के तहत कार्रवाई की गई है।

तीन दिन पहले पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर को एयरपोर्ट से हिरासत में लिया था। किरणदीप लंदन जाने की तैयरी में थी, लेकिन उड़ान भरने से ठीक पहले पुलिस ने एयरपोर्ट से ही उसे हिरासत में ले लिया था। हालांकि, बाद में पुलिस ने किरणदीप को छोड़ दिया था। अमृतपाल पाल कुछ महीने पहले ही दुबई से वापस पंजाब आया था और तब से वो वारिस पंजाब दे संगठन की मुखिया की जिम्मेदारी संभाल रहा था।

फरारी के बीच अमृतपाल सिंह के कई वीडियो भी सामने आए थे। 29 मार्च को जारी एक वीडियो में अमृतपाल सिंह ने कहा कि था कि उसका कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता है। उसने कहा था कि उसके ऊपर सच्चे पातशाह की कृपा है। सच्चे बादशाह ने कठिन समय में हमारी परीक्षा ली है, लेकिन ऊपर वाले ने बहुत साथ दिया है।

अमृतपाल सिंह अजनाला की हिंसा के बाद पहली बार चर्चा में आया। 23 फरवरी को अजनाला में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी जब अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अमृतपाल सिंह ने अपने सहयोगी की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए थाने में घुस गया था। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो हिंसा भडक़ उठी जिसमें कई पुलिस वाले घायल भी हो गए थे।

# यूपी में रहस्यमय परिस्थितियों में बाघ की मौत



**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में वन क्षेत्र से निकलकर खेत में घुसने के कुछ ही मिनटों बाद एक दो वर्षीय बाघ की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। वन अधिकारियों को संदेह है कि बाघ को जहर दिया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। डीटीआर (बफर) के उप निदेशक सुंदरेश ने कहा, शुरू में हमें लगा कि किसी ने जहर दिया है और हमने उसकी तलाश की, लेकिन उस जगह के पास कुछ मिला नहीं मिला, जहां बाघ की मौत हुई। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा, शव की जांच के बाद पाया गया कि वह बीमार था और पेट में खाना नहीं था। साथ ही, एक नुकीली हड्डी ने पेट में घाव कर दिया था। उसे सेप्टीसीमिया हो गया और शायद इसी से उसकी मौत हो गई। विस्तृत पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। सुंदरेश ने कहा, बाघ किशनपुर रेंज या मैलानी रेंज के जंगलों से आया था।

# खनिजों से राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2022-23 में मिला रिकार्ड 12941 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व

- पिछले वर्ष की तुलना में 636 करोड़ रूपए अधिक खनिज राजस्व मिला
- लौह अयस्क से मिला सर्वाधिक 3607 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व, कोयले से 3336 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व
- सर्वाधिक खनिज राजस्व प्राप्ति वाले जिलों में दंतेवाड़ा अव्वल



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में खनिज बहुल छत्तीसगढ़ प्रदेश में खनिज क्षेत्रों के विकास, खनिज क्षेत्रों के बेहतर प्रबंधन और अत्याधुनिक तकनीक के खनिज प्रशासन में उपयोग से प्रदेश को खनिजों से मिलने वाले राजस्व में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश में संचालित खनिज गतिविधियों से 12 हजार 941 करोड़ रूपए का रिकार्ड खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है, जो विगत वर्ष की तुलना में 636 करोड़ रूपए अधिक है।

संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म जय प्रकाश मौर्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार लौह अयस्क से सर्वाधिक 3607 करोड़ रूपए का राजस्व मिला है। प्रदेश में मुख्यत: कोयला, लौह अयस्क, चूनापत्थर एवं बाक्साइट खनिजों से राजस्व प्राप्त होता है। लौह अयस्क से 3607 करोड़ रूपए, खनिज कोयले से 3336 करोड़ रूपए, चूनापत्थर से 392 करोड़ रूपए एवं बाक्साइट से 31 करोड़ रूपए राजस्व प्राप्त हुआ है।

**सर्वाधिक खनिज राजस्व प्राप्ति वाले जिलों में दंतेवाड़ा अव्वल-** वित्तीय वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक खनिज राजस्व प्राप्ति के जिलों में दंतेवाड़ा से 6419 करोड़ रूपए, कोरबा से 2361 करोड़ रूपए, रायगढ़ से 1717 करोड़ रूपए, बालोद से 760 करोड़ रूपए, बलौदाबाजार से 315 करोड़ रूपए, कांकेर से 286 करोड़ रूपए एवं सरगुजा जिले से 262 करोड़ रूपए खनिज राजस्व की प्राप्ति हुई है। प्रदेश में प्राप्त होने वाले खनिज जहां राज्य में अधोसंरचनात्मक विकास, बिजली के उत्पादन, उद्योगों के संचालन में अपना योगदान दे रहे हैं, वहीं खनिज राजस्व राज्य के वित्तीय विकास में महत्त्वपूर्ण साझेदारी प्रदान कर रहा है।

रेवेन्यू शेयरिंग व्यवस्था से राज्य शासन को प्रथम बार 02 चूना पत्थर ब्लॉक्स से बतौर लाभ में हिस्सेदारी मिला 52.52 लाख रूपए का राजस्व- विभाग के संयुक्त संचालक अनुराग दीवान से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन की नवीन नीति के तहत वर्ष 2015-16 में ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित 02 मुख्य खनिज चूनापत्थर ब्लॉक्स यथा करही चंडी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं केसला, जिला रायपुर में वर्ष 2022-23 में उत्पादन प्रारंभ हुआ है। आबंटन की उक्त नवीन व्यवस्था से जहां खानों का पारदर्शी आबंटन हुआ, वहीं रेवेन्यू शेयरिंग व्यवस्था से शासन को उक्त दोनों ब्लॉक्स से रायल्टी, डीएमएफ पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर आदि के अतिरिक्त प्रथम बार बतौर लाभ में हिस्सेदारी के 52.52 लाख रूपए का राजस्व राज्य शासन को प्राप्त हुआ है।